**Title:** Need to provide financial assistance to State Government of U.P. to make sugar mill at Dhuriapar viable.

**श्री राजनारायण पासी (बांसगांव) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बांसगांव छोटी-बड़ी 9 (नौ) नदियों के संगम में बसा हुआ है तथा यह क्षेत्र बाढ़ और सूखे से हमेशा प्रभावित रहता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में उद्योग पूर्ण शून्य है।

कुछ वर्ष पूर्व मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धूरियापार में एक चीनी मिल की स्थापना की गई थी जो गत वर्ष कुछ दिन चलकर बंद कर दी गई। इसकी वजह से मेरे क्षेत्र के लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

मुझे विदित हुआ है कि उ.प्र. सरकार उस चीनी मिल को निजी क्षेत्र में बेचने के बारे में विचार कर रही है जो उचित नहीं है। यदि ऐसा होता है तो धूरियापार क्षेत्र के किसानों में नारी असन्तोष उत्पन्न हो जाएगा।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वह उ.प्र. सरकार को निर्देशित करे कि धूरियपार में स्थापित की गई नई चीनी मिल को बेचा न जाए और उसे सरकारी स्तर पर ही चलाया जाए। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।